# मुंबई इंडियंस की गुजरात टायटंस पर बड़ी जीत, 99 रन से रौंदा



## तिलक की 101 रनों की विस्फोटक पारी से बना मजबूत स्कोर



## रबाडा ने तेज और सटीक गेंदबाजी से तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए

**अहमदाबाद 20 अप्रैल. गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच सोमवार को आईपीएल 2026 का 30वां मुकाबला खेला गया. जिसमें मुंबई इंडियंस ने 99 रनों से बड़ी जीत हासिल की. ये मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया. जहां टॉस जीतकर गुजरात ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था. मुंबई ने तिलक वर्मा के तूफानी शतक की बदौलत गुजरात को 200 रनों का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में उतरी गुजरात केवल 100 रन बना सकी और 16वें ओवर में ही पूरी टीम ऑलआउट हो गई.**

200 रनों के जवाब में उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही. पहली ही गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने साई सुदर्शन का विकेट झटका. ये इस सीजन का बुमराह का पहला विकेट था. इसके बाद अगले ही ओवर में हार्दिक ने बटलर को आउट कर दिया. इसके बाद गिल भी 14 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद सुंदर ने 26 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश जरूर की लेकिन सैंटनर ने उनका विकेट झटक लिया. इसके बाद गुजरात की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई. 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर केवल 100 रन के स्कोर पर गुजरात सिमट गई

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डी कॉक | 13 | 11 | 1 | 1 |
| दानिश मालेवार | 2 | 4 | 0 | 0 |
| नमन धीर | 45 | 32 | 6 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव | 15 | 10 | 1 | 1 |
| तिलक वर्मा | 101 | 45 | 8 | 7 |
| हार्दिक पंड्या | 15 | 16 | 1 | 0 |
| शेरफेन रदरफोर्ड | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 7, **कुल** 20 ओवर में 199/5

**गुजरात गेंदबाजी–** मोहम्मद सिराज 4-0-25-1, कगिसो रबाडा 4-0-33-3, अशोक शर्मा 3-0-38-0, राशिद खान 4-0-31-0, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-54-1, वॉशिंगटन सुंदर 1-0-13-0.

| गुजरात बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 0 | 1 | 0 | 0 |
| शुबमन गिल | 14 | 13 | 3 | 0 |
| जोस बटलर | 5 | 6 | 1 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 26 | 17 | 5 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स | 6 | 8 | 0 | 0 |
| राहुल तेवतिया | 8 | 11 | 1 | 0 |
| एम शाहरुख खान | 17 | 13 | 1 | 1 |
| राशिद खान | 4 | 6 | 0 | 0 |
| कगिसो रबाडा | 12 | 14 | 2 | 0 |
| अशोक शर्मा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज | 0 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 7, **कुल** 15 .5 ओवर में 100

**मुंबई गेंदबाजी–** जसप्रीत बुमराह 3-0-15-1, हार्दिक पंड्या 1-0-18-1, कृष भगत 2-0-10-0, अश्वनी कुमार 4-0-24-4, एएम ग़ज़नफ़र 2 .5-0-17-2, मिशेल सैंटनर 3-0-16-2.

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीबीकेएस | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | +1.42 |
| 2. | आरसीबी | 6 | 4 | 2 | | 8 | +1.17 |
| 3. | आरआर | 6 | 4 | 2 | | 8 | +0.59 |
| 4. | हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | | 6 | +0.56 |
| 5. | डीसी | 5 | 3 | 2 | | 6 | +0.31 |
| 6. | जीटी | 6 | 3 | 3 | | 6 | -0.82 |
| 7. | एमआई | 6 | 2 | 4 | | 4 | +0.06 |
| 8. | सीएसके | 6 | 2 | 4 | | 4 | -0.78 |
| 9. | एलएसजी | 6 | 2 | 4 | | 4 | -1.17 |
| 10. | केकेआर | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.87 |

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया

**राजशाही, 20 अप्रैल. शर्मिन अख्तर (86) और शोभना मोस्तारी (रिटायर हर्ट, एक विकेट और 41 रन) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने सोमवार को पहले एकदिवसीय मुकबाले में श्रीलंका की टीम को नौ गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया. इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं.**

आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने इमेशा दुलानी (52), हंसिमा करुणरत्ने (54), कविशा दिलहारी (30), कप्तान हसिनी परेरा (27) और कौशिनी नुथ्यंगना (18) रन के योगदान से निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 205 रनों का स्कोर बनाया.

शर्मिन अख्तर ने बंगलादेश के लिए सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली. उन्होंने 127 गेंदों का सामना किया और 13 चौके लगाये. शोभना मोस्तारी 41 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुई. शोर्ना अख्तर ने 35 रनों का योगदान दिया. कप्तान निगार सुल्ताना ने (13) रन बनाये. श्रीलंका महिला टीम के लिए देउमी विहंगा ने तीन

# स्टनर्स महिला वर्ग में बनी बास्केटबॉल चैंपियन

**नयी दिल्ली.** स्टनर्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के महिला वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया. दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल में स्टनर्स अकादमी ने गार्गी कॉलेज को 72-67 से पराजित किया. चैंपियन स्टनर्स अकादमी की खिलाडी धानी धामा ने मैच की और टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया.

# बांग्लादेश ने सीरीज बराबर की

- नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी
- तंजिद हसन की शानदार अर्धशतकीय पारी
- तीसरा वनडे अब निर्णायक होगा




**मीरपुर, 20 अप्रैल: बंगलादेश क्रिकेट टीम ने सोमवार को खेले गए दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया. इस मुकाबले में बंगलादेश की जीत के हीरो तेज गेंदबाज नाहिद राणा रहे, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके.**

वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए तंजिद हसन की 76 रनों की शानदार पारी और नजमुल शांतो के अर्धशतक ने टीम को आसान जीत दिलाई.

### न्यूजीलैंड की पारी : नाहिद राणा का कहर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही. टीम ने मात्र 52 रन के भीतर अपने तीन अहम विकेट गंवा दिए. हेनरी निकोल्स 13 रन, विल यंग 2 रन और टॉम लैथम 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. शुरुआती झटकों के बाद भी न्यूजीलैंड की टीम संभल नहीं सकी और लगातार विकेट गिरते रहे.मुहम्मद अब्बास और निक केली ने चौथे विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी कर कुछ राहत दी, लेकिन नाहिद राणा ने अब्बास (19) को आउट कर यह साझेदारी तोड़ दी. इसके बाद शोरिफुल इस्लाम ने निक केली को आउट किया, जिन्होंने 102 गेंदों में 83 रन बनाए और टीम के शीर्ष स्कोरर रहे. निचले क्रम में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई. डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 15, ब्लेयर टिकनर 12, जॉश क्लार्कसन 6, जेडेन लेनॉक्स 0 और विलियम ओरूर्क 6 रन बनाकर आउट हुए. पूरी टीम 48.4 ओवर में 198 रन पर सिमट गई. नाहिद राणा ने 32 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि शोरिफुल इस्लाम को 2 विकेट मिले. 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही. टीम ने 21 रन पर ही दो विकेट गंवा दिए. सैफ हसन (8) को स्मिथ ने बोल्ड किया जबकि सौम्य सरकार (8) को विलियम ओरूर्क ने आउट किया.

### मुख्य खिलाड़ी प्रदर्शन

**नाहिद राणा:** 5 विकेट (32 रन देकर)
**तंजिद हसन:** 76 रन (58 गेंद)
**नजमुल शांतो:** 50 रन
**निक केली:** 83 रन

### मैच का परिणाम और सीरीज स्थिति

इस जीत के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है. पहला मैच न्यूजीलैंड ने जीता था, जबकि अब यह मुकाबला बंगलादेश के नाम रहा. अब सीरीज का तीसरा और निर्णायक वनडे रोमांचक होने की उम्मीद है.

इसके बाद तंजिद हसन और नजमुल शांतो ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 120 रनों की शानदार साझेदारी की. तंजिद हसन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 58 गेंदों में 76 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल रहे. 23वें ओवर में जेडेन लेनॉक्स ने तंजिद को आउट कर साझेदारी तोड़ी. इसके बाद लिटन दास (7) भी जल्द आउट हो गए. नजमुल शांतो ने 71 गेंदों में 50 रन की पारी खेली, हालांकि वह बाद में रिटायर हर्ट होकर मैदान से बाहर गए. मोहम्मद तौहीद हृदोय (30) और कप्तान मेहदी हसन मिराज (8) नाबाद रहे और टीम को 35 .3 ओवर में चार विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दिलाई.

## एक नजर में

### चोटिल जैक और रोम टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे

**लंदन.** जैक ड्रेपर ने इस हफ्ते होने वाले मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है और घुटने की नस में चोट लगने के कारण वह अगले महीने होने वाले इटैलियन ओपन में भी नहीं खेल पाएंगे. 24 साल के ड्रेपर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया था और इसी समस्या के चलते बार्सिलोना में इस सीज़न के अपने एकमात्र क्ले कोर्ट मैच से उन्हें बीच में ही हटना पड़ा था. यह टूर्नामेंट हड्डी में चोट (बोन ब्रूसिंग) से उबरने के बाद उनकी वापसी का सिर्फ़ चौथा टूर्नामेंट था; इस चोट की वजह से यूएस ओपन के एक मैच को छोड़कर वह विंबलडन के बाद से ही टूर से बाहर थे. ड्रेपर ने कहा, 'मेरे घुटने की नस में चोट बढ़ जाने के कारण मैं मैड्रिड और रोम में नहीं खेल पाऊंगा. यह निश्चित रूप से निराशाजनक है, लेकिन मैं शुक्रगुज़ार हूं कि यह कोई बहुत गंभीर चोट नहीं है. मेरी रिकवरी अच्छी चल रही है और मुझे पूरा भरोसा है कि मैं रोलैंड गैरोस के लिए पूरी तरह फ़िट हो जाऊंगा. मैं वहां से अपनी लय बनाने का इंतजार कर रहा हूं.'



### बीसीबी ने रुबेल को किया सम्मानित

**मीरपुर.** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले से पहले, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन को सम्मानित किया. बीसीबी ने आज यहां ने मैच से पहले का यह समारोह आयोजित किया, जिसमें मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ तमीम इकबाल (तदर्थ समिति के अध्यक्ष) भी मौजूद थे. तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट के लिए रुबेल की सेवाओं को मान्यता देते हुए उन्हें एक फ्रेम की हुई जर्सी और एक यादगार प्रतीक चिन्ह भेंट किया. रुबेल के पूर्व साथी खिलाड़ी शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के मौके पर इकट्ठा हुए. यह एक भावुक पल बन गया जब रुबेल अपने छोटे बेटे के साथ मैदान के बीच में आए. उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि संन्यास की घोषणा के बाद उन्हें बीसीबी से किसी तरह की पहचान मिली, जो दुनिया के इस हिस्से में बहुत आम बात नहीं है. इतिहास को देखते हुए, यह काफी हैरानी की बात थी कि बीसीबी ने घोषणा की कि वे रुबेल को सम्मानित करेंगे.




### हॉकी इंडिया ने प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की

**नयी दिल्ली.** हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36-सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह की घोषणा की. यह शिविर 20 अप्रैल से 9 मई तक बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित किया जाएगा. इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य फोकस रणनीतिक तालमेल, फिटनेस और मैच-सिमुलेशन सत्रों पर होगा. टीम का लक्ष्य एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाना है. इस अंतरराष्ट्रीय सत्र में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 का यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेल शामिल हैं. इसके अलावा, टीम अपनी लय बनाने, आपसी तालमेल को निखारने और सभी विभागों में अपनी बेंच स्ट्रेंथ (खिलाड़ियों की गहराई) को मजबूत करने पर भी ध्यान देगी. गोलकीपिंग यूनिट में अनुभवी कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा और पवन प्रमुख हैं. इनके साथ-साथ मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएं भी मौजूद हैं.



# सूरज और रूकैया ने जीते एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर के खिताब



**चेन्नई 20 अप्रैल. भारत के सूरज कुमार चांद और मिस्त्र की रूकैया उस्मान ने एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर 2026 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते.**

रविवार को खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज कुमार चांद को पुरुष फाइनल जीतने में 34 मिनट लगे. उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रयू को 3-0 (11-5, 11-9, 11-3) से हराकर अपना चौथा पीएसए चैलेंजर टूर खिताब पक्का किया. 25 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने चेन्नई में एक शानदार हफ्ता बिताया और खिताब जीतने के सफर में एक भी गेम नहीं हारा. पहले राउंड में 'बाय' मिलने के बाद, चांद ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आर्यवीर दीवान पर 3-0 (11-6, 11-7, 11-8) की जीत के साथ की. इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी ज़बरदस्त प्रदर्शन किया और साथी भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल को 3-0 (11-8, 11-1, 11-4) से आसानी से हरा दिया.

# हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहना होगा



**डरबन, 20 अप्रैल भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वे छोटे प्रारुप में टीम के खराब प्रदर्शन से चिंतित नहीं है, हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है.**

भारत ने अपना लगातार दूसरा टी-20 मैच और इस साल का तीसरा मैच गंवा दिया, जब रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आठ विकेट से हरा दिया. इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज़ में प्रोटियाज़ के खिलाफ भारत 2-0 से पीछे हो गया है.

दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद डरबन में मैच के बाद के हरमनप्रीत ने कहा, 'यह मुश्किल समय है. एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है. उम्मीद है, हम (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज़ के तीसरे मैच के लिए जोहान्सबर्ग) एक सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे. टी-20 फॉर्मेट ऐसा ही होता है, इसमें एकजुट रहना ही सबसे ज़रूरी है.'

आक्रामक सलामी बल्लेबाज़ शेफाली वर्मा (57) ने किंग्समीड में एक तेज़ अर्धशतक लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दी, लेकिन पारी के आखिरी हिस्से में लगातार विकेट गिरते रहे. टॉस हारने और पहले बल्लेबाज़ी के लिए भेजे जाने के बाद, एशियाई टीम सिर्फ 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई.

मेजबान टीम ने 148 रनों के जीत के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया. कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (54) और सुने लुस (57) ने जवाब में पहले विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी करके यह सुनिश्चित किया कि दक्षिण अफ्रीका आसानी से मैच जीत जाएं.

### नहीं दे पाए योगदान

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि बल्ले से हम वैसा योगदान नहीं दे पाए जैसा हम चाहते थे. पारी के आखिरी 10 ओवरों में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की. हमें सोचना होगा कि अगले तीन मैचों में हम कैसे खेलेंगे. जब आपके शॉट नहीं लग रहे होते, तो स्ट्राइक रोटेट करना एक अहम बात होती है. हम चर्चा कर रहे थे... कि हम स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं और इससे हमें उस मुश्किल समय से निकलने में मदद मिल सकती है. लेकिन यह एक ऐसा समय था जब चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं. गेंदबाजी के दौरान पावरप्ले भी हमारे पक्ष में नहीं जा रहा है.'

# पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में पहुंचे प्रिंस यादव

**न्यू चंड़ीगढ़, 20 अप्रैल लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज प्रिंस यादव कल खेले गये मुकाबले में पंजाब किंग्स के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में जगह पहुंच गये हैं।**




प्रिंस ने इस आईपीएल में सभी छह मैचों में खेले है। रविवार को उन्होंने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटके, इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल 11 विकेट हो गए, जो गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर है। हालांकि प्रिंस की इकॉनमी रेट प्रसिद्ध से बहुत बेहतर है। अंशुल कम्बोज 13 विकेट के साथ अभी भी तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, वहीं राजस्थान रॉयल्स (आआर) के रवि बिश्नोई ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 10 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार चौथे नंबर पर हैं। रविवार के मैचों के बाद आरआर के जोफ्रा आर्चर के भी आठ

## इंडियन प्रीमियर लीग 2026 ▶ टॉप-4 में जगह बनाने की जंग : दोनों टीमों के छह-छह अंक, हाई-स्कोरिंग मैच की उम्मीद

# हैदराबाद और दिल्ली भिड़ंत से तय होगी रेस




**हैदराबाद, 20 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में प्लेऑफ की दौड़ अब और रोमांचक होती जा रही है. इसी क्रम में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मंगलवार को राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एक अहम मुकाबला खेला जाएगा.**

दोनों टीमें फिलहाल अंक तालिका में छह-छह अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर हैं, जिससे यह मुकाबला टॉप-4 में जगह बनाने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हो गया है. सनराइजर्स हैदराबाद इस सीजन में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जा रही है. टीम लगातार 200 से अधिक का स्कोर बनाने में सफल रही है. इसकी सबसे बड़ी ताकत सलामी जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड हैं, जो पावरप्ले में ही विपक्षी टीम पर दबाव बना देते हैं. नंबर तीन पर ईशान किशन तेजी से रन बनाकर टीम की गति को और बढ़ाते हैं.

मिडिल ऑर्डर में हेनरिक क्लासेन शानदार फॉर्म में हैं और लगातार बड़े शॉट्स लगाकर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं. उनके साथ सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी टीम की बल्लेबाजी को गहराई देते हैं. वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी अधिक संतुलित नजर आती है. सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका और केएल राहुल टीम को ठोस शुरुआत देते हैं. मध्यक्रम में समीर रिजवी और करुण नायर उपयोगी योगदान देते हैं. फिनिशिंग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे खिलाड़ियों पर होगी.

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई भी संतुलित है, जिसकी अगुवाई लुंगी एनगिडी करते हैं. उनके साथ कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मुकेश कुमार, टी नटराजन और आकिब नबी डार की मौजूदगी टीम को मजबूती देती है. यह गेंदबाजी आक्रमण मिडिल ओवर्स में मैच पर नियंत्रण बनाए रखने में सक्षम है. हैदराबाद की पिच को लेकर माना जा रहा है कि यह एक बार फिर बल्लेबाजों के लिए अनुकूल साबित होगी. यहां बड़े स्कोर बनना अब आम हो गया है और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को अक्सर सफलता मिलती है. हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने घरेलू मैदान पर स्कोर डिफेंड करने की क्षमता भी दिखाई है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आत्मविश्वास मिलता है.